## सार-समाचार

### 'पर्यारण संरक्षण में भागीदारी निभाएं'

**जालोर,** (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला जज सिया रघुनाथदान के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने मंगलवार को नर्मदा कॉलोनी स्थित वात्सल्य चाइड केयर होम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बालकों से वार्तालाप कर यहां मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने संस्थान परिसर में पौधारोपण भी किया और उपस्थित बालकों और कर्मचारीगण को कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए और अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका पेड़ बनने तक संरक्षण करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया और पर्यावरण प्रदूषण से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने संस्थान परिसर में रसोईघर, बालकों के शयन कक्ष आदि का भी अवलोकन किया और उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने अधीक्षक को निर्देश दिये कि बालकों के अवकाश के दौरान पढाई का विशेष ध्यान रखा जावें। समय समय पर बालकों के स्वास्थ्य की जांच करवाई जावें, संस्थान परिसर की हाइजेनिक तरीके से साफ सफाई की जावें। बाहर से खरीदा जाने वाला सामान गुणवत्ता देखकर खरीदा जावे। गर्मी के मौसम को देखते हुए बालकों के लिए पर्याप्त संख्या में कूलर, पंखे आदि उपलब्ध करवाये जावें।

### पाबूजी पड़ कार्यक्रम आयोजित

**धोरीमन्ना,** (निसं)। एक शाम पाबूजी राठौड के नाम बाडमेर में सिणधरी चौराया पाबूजी राठौड के मंदिर पर पड का कार्यक्रम का आयोजन हुआ। गायक कलाकार तारा राम भोपा रामा राम भोपा डांसर धर्माराम पता राम सुरेश सोमवार शाम को पाबूजी राठौड की महाआरती के साथ शुभारंभ हुआ। रात के समय पाबूजी राठौड विवाह एवं धाडा गोगाजी महाराज के भजनों की प्रस्तुतियां दी गई और भोमिया जी जन्म कथा और बढ़-चढ़कर पाबूजी महाराज के कलाकारों ने श्रोताओं को शाम से लेकर सुबह तक पूरा पंडाल पाबूजी के भक्त गणों ने सुबह से शाम तक खचाखच पंडाल भरी हुई सुनने को मजबूर कर दिया। सुबह पाबूजी महाराज की महा आरती महा प्रसादी का वितरण किया गया। आयोजक कर्ता गणेशाराम भोभरिया भीखाराम भोभरिया जीवाराम भोभरिया इस कार्य म में अतिथि गण गंगाराम भोभरिया राजूराम भोभरिया जगमाल राम टांक घमडाराम घोडेला चीमाराम घोडेला राणाराम घोडेला कालूराम महार थानाराम खटोड भगसिह राजपूत जवाराराम सरडीवाल हनुमाना राम सियोटा भावेश घोडेला चैनल म्यूजिक पाबूजी राठ्ठौड सुनीलाल छापरवाल जसोल बाडमेर शहर के भक्तजन उपस्थित रहे।

### ध्वजारोहण किया

**फालना,** (निसं)। शंखेश्वर पार्श्वनाथ चौमुखी श्वेतांबर जैन मंदिर अंबिका नगरी फालना की 11 वीं वर्षगाठ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर लाभार्थी परिवार सरेमल तिलोकचंद परिवार द्वारा सवेरे अट्ठारह अभिषेक प्रात: 8.30 बजे से प्रारंभ हुआ उसके बाद सतर भेदी पूजा का कार्यक्रम हुआ एवं शुभ बेला में ध्वजारोहण का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ एवं शाम को सामूहिक आरती का कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर लाभार्थी परिवार के अंबालाल जैन नगर पालिका अध्यक्ष ललिता रमेश शाह,अरुण चौधरी,बस्ती मल मेहता,सोहनलाल पुनमिया,अमित मेहता, महेंद्र चंद्र भंडारी,पारस बागरेचा, अशोक परमार,साकल चंद खाटेड, रामकिशोर गोयल,नरेंद्र सुथार,सुरेश जैन, जेठमल सुराना,जयरामदास वैष्णव,सीए उमेश शर्मा, प्रवीण राठौड़, अंशुमान गोयल,धनरूपचंद पटवा, रमेश मेहता, जितेंद्र श्रीश्रीमाल,अंकित राठौड, मांगीलाल, मदनलाल,कमलेश कुमार, संजय,नगराज सहित जैन साधार्मिक भाई एवं गणमान्य नागरिकों की स्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### शादी के अवसर पर पौधा लगाया

**गुड़ामालानी,** (निसं)। निकटवर्ती बारूडी में बिश्नोई समाज की शादी समारोह में पेड़ लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। बाबूलाल पुत्र बींजाराम मांजू ने अपने पुत्र की शादी में पुत्र व पुत्रवधू को आशीर्वाद दिया सुरेश मांजू पत्नी सुंदर विश्नोई ने शादी के दिन पौधा लगाकर सबके सामने सात जन्मों तक साथ एवं पर्यावरण को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया। सुरेश मांजू (पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष) ने बताया कि इस पेड को परिवार की तरफ देख भाल करूंगा एवं हमेशा अपने परिवार का सदस्य मानूंगा। इसी तरह सभी युवाओं को भी संकल्प लेना चाहिए। शादी के दिन पौधा लगाकर एवं उसकी देखभाल करें बडा करने की प्रतिबन्दता दिखाइए। कार्यक्रम में के. के. विश्नोई (भाजपा प्रदेश मंत्री) टिकमाराम पटेल, मानारामजी पुनिया, ओमप्रकाश मांजू, नारायण, प्रकाश, सांवरा, भंवरलाल, गणपत,आसुराम, प्रकाश पुनिया एवं कहीं युवा पर्यावरण प्रेमी व समाज के बुजुर्ग प्रबंधन मौजूद रहे सभी न आशीर्वाद दिया व नवदम्पति का जीवन हरे भरे पौधों की तरह हरा भरा रहे ।

### ट्रांसफार्मर में आग से झाड़ियां जली

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर के निकट भटाणा-कस्बे के महादेव मन्दिर के पास अचानक ट्रांसफार्मर में आग लगने से आसपास की झाड़ियां जलकर राख हो गई। आग ने विकट रूप धारण करने पर भटाणा हनुमान चैक के पास मेले जैसे लोगों का तांता लगने लगा। विधुत विभाग के उदासीन रवैया के कारण आये दिन लोगों को रात अंधेरे में पड रही है। ग्रामीण भरतकुमार रावल ने बताया कि इस ट्रासफार्मर मे आग लगती रहती है। किसान खेत पर कार्य कर रहे थे और आग को देखते ही पानी डालकर आग को काबु किया नही तो आज बडा हादसा हो सकता था।

### टेम्पो पलटने से एक जने की मौत

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर के निकट भटाणा-कस्बे से भैरूगढ कि तरफ टेम्पो जा रहा था अचानक सन्तुलन बिगडने से टेम्पो पल्टी हो गया जिससे टेम्पो में बैठे सवाराम प्रेमाराम कोली कम्बोईयाखेडा की मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथ दो मासुम लड़की थी जो टेम्पो पलटने से घायल हो गई। बुजुर्ग को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भटाणा लाया गया। प्राथमिक स्वाास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ.ईश्वरसिंह ने उसे मृत घोषित किया गया और दो बालिका मनिषा, शिल्पा को प्राथमिक उपचार कर उसको आगे रैफर किया गया। शव पोस्टमोर्टम के लिये राजकीय चिकित्सालय मंडार भेजा गया।

### नामिनी को दो लाख का चैक सौंपा

**सिणधरी,** (निसं)। भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया भूंका भगतसिंह में मंगलवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत खाता धारक भल्लाराम की सामान्य मृत्यु होने पर उनके नामिनी उनके भाई पवनाराम को शाखा प्रबंधक रजत कुमार के द्वारा दो लाख रूपये का चैक सौंपा गया। शाखा प्रबंधक रजत बंसल ने बताया कि प्रधान मंत्री जीवन बीमा योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना आम नागरिक के लाभ दायक है। सभी खाताधारक अपना यह बीमा अवश्य करवाएं,ताकि आपके वारिस को राहत मिले। इस मौके पर शाखा प्रबंधक रजत बंसल,केशियर भरतसिंह,केश ऑफिसर जेठाराम,सीएसपी गोविंद बोस,रघुवीर जोशी, कुकी देवी, मानसिंह, मोहनसिंह सहित ग्राहक उपस्थित रहे।

### कार्य स्वीकृत करवाने की मांग

**सिवाना,** (निसं)। नरेगा योजना अंतर्गत कार्य स्वीकृत करवाने की मांग को लेकर सिवाना के निकट कुशीप सरपंच हुकमसिंह खींची ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत कुशीप में नरेगा योजना अंतर्गत निर्माण कार्यो की टी. एस. बनाकर जिला परिषद को भेज दी गई है। सरपंच हुकुम सिंह खींची ने नरेगा योजना अंतर्गत कार्य समय पर स्वीकृत करवा कर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध करवाने की मांग की।

### जनसुनवाई कल

**जालोर,**(कासं)। जिले में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं के समाधान के लिए 9 जून को जिले के सभी उपखण्डों में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिला कलैक्टर निशांत जैन ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार जिले के समस्त उपखण्डों में 9 जून को प्रात: 11 बजे से संबंधित पंचायत समिति हॉल में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा।

### आपदा प्रबन्धन के लिए बैठक आज

**जोधपुर,** (कासं)। मानसून वर्ष 2022 में संभावित अतिवृष्टि एवं बाढ़ बचाव के लिए पूर्व तैयारी, आपदा प्रबन्धन के संबंध में बैठक बुधवार को कलक्टर की अध्यक्षता में होगी। अपर जिला कलक्टर (तृतीय) एवं सचिव जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण ने बताया कि यह बैठक प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी।

# भाजपा महिला मोर्चा ने केन्द्र सरकार के कार्य गिनाए

**सांचोर/जालोर,** (कासं)। जालोर जिले में सांचोर उपखण्ड मुख्यालय पर स्थानीय बेचर सराय में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आठ साल पूरे होने पर जिलाध्यक्षा मंजू सोलंकी के मौजूदगी में समारोह का आयोजन किया गया।

सर्व प्रथम शर्मिला शर्मा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष द्वारा सोलंकी का शॉल व भाजपा दुपट्टा से स्वागत किया गया। बाद में मंजू सोलंकी द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आठ साल के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इन्होंने महिलाओं के लिए जन धन योजना शुरू की। ताकि देश का हर परिवार बैंकिंग सिस्टम से जुड़ सकें। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए उज्जवला योजना लागू कर घरेलू रसोई गैस यानी एलपीजी कनेक्शन मुफ्त में मुहैया कराई घर-घर शौचालय योजना के तहत निशुल्क शौचालय तैयार कराएं। ताकि दूरदराज जाने वाली महिलाओं और बालिकाओं को उसका फायदा मिल सके और कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हो।



जालोर जिले के सांचोर में भाजपा महिला मोर्चा की बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

सोलंकी ने राज्य सरकार को घेरते हुए बताया कि कांग्रेस की सरकार में आज महिलाएं सुरक्षित नहीं है आए दिन बलात्कार यौन शोषण जैसी घटनाएं हो रही है पुलिस कुछ नहीं कर रही है अपराधी खुलेआम अपराध कर रहे हैं।

कार्यक्रम के अंत में नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा शर्मिला शर्मा ने भी वर्तमान राज्य सरकार पर निशाना साधा व मोदी के आठ वर्ष की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

कार्यक्रम में सजना माहेश्वरी , अरूणा माहेश्वरी , मंजू बोहरा ,सूरज कंवर, कैलाश पुरोहित ,अनिता राव, माया दर्जी, चंदा सैन, डिम्पल माहेश्वरी सोभाग बेन ललीता बेन बबीतादेवी कलावती बेन रवीना रेखा बेन सविता देवी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# सिणधरी में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की रथ यात्रा का स्वागत

**सिणधरी,** (निसं)। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की रथ यात्रा का सिणधरी पहुंचने पर स्वागत किया गया।

देशभर में अब जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कानून बनाने की मांग जोर पकड़ रही है। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन रथयात्रा सिणधरी पहुंची जहां भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया में मुख्य वक्ता मुख्य अतिथि फाउंडेशन प्रदेश अध्यक्ष नारायण चौधरी, रामनाथ अवधूत बाडमेर जिला अध्यक्ष रमेश गौड तिलोक चंद चौधरी डॉक्टर के के शर्मा श्रवण सारण देवीलाल कुमावत सहित कई लोग यात्रा में शामिल थे। विभिन्न उपखंड क्षेत्रों से गुजरती हुई सिणधरी चौराहे पर पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने फुल वर्षा कर स्वागत किया। जनसंख्या समाधान को लेकर बैठक में फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने जिले भर के भाजपा व राष्टीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए पदाधिकारियों की मौके पर मौजूद रहे। जनसंख्या को लेकर इस मुहिम को हर घर तक पहुंचा कर आमजन को इससे जोडने का आव्हान किया है।

इस जन जागरण अभियान को घर-घर पहुंचाने के लिए जनसंख्या समाधान फाउंडेशन राजस्थान द्वारा भारत यात्रा निकाली जा रही है नारायण राम चौधरी ने बताया कि जनसंख्या नियंत्रण को लेकर एक नया कानून बने। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष नारायण चौधरी ने कहा कि बढ़ती आबादी का समाधान जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर किया जा सकता हैं। इसको लेकर राष्ट व्यापी आंदोलन के जरिए एक जन जागरण अभियान के माध्यम से जनमत को साथ लेकर कानून बनाने की मांग की जा रही है। देश में बेकाबू होते जनसंख्या के हालात पर चिंता जाहिर करते हुए जिला परिषद सदस्य हंसराज प्रजापत ने बताया कि सरकार को जनसंख्या नियंत्रण अधिनियम संसद में पेश करके कानून बनाना होगा अन्यथा हालात गृह युद्ध के संकेत दे रहे हैं.

जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के रामनाथ अवधूत ने कहा कि जनता के बडे वर्ग में सभी नागरिकों के लिए समान जनसंख्या नीति बनाने की मांग की जा रही है। इसके लिए फाउंडेशन जनसंख्या समाधान अधिनियम बनवाने के लिए राष्ट व्यापी आंदोलन चल रहा हैं।

उन्होंने इस शांतिपूर्ण आंदोलन को व्यापक व जन-जन तक पहुंचाने की अपील करके कहा कि जिला इकाई आगामी दिनों में संवाद, सभा, पदयात्रा, रैली कार्यक्रम आयोजित करेगी और समय रहते जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बना तो भारत का इस्लामीकरण हो जाएगा।

इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष सवाई कुमावत किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जय राम प्रजापत जिला परिषद सदस्य हंसराज प्रजापत पंचायत समिति सदस्य खेताराम नैण, अमर सिंह राजपुरोहित, गौतम सिंह, छात्र नेता जगदीश चौधरी, पवन लक्षकार, दिनेश मूढ सहित कई जने मौजूद रहे।

# अनीमिया मुक्त राजस्थान शक्ति दिवस मनाया



सिवाना क्षेत्र के अर्जियाना में अनीमिया मुक्त राजस्थान शक्ति दिवस मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**सिवाना,** (निसं)। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्य म आरकेएसके में मंगलवार को अनिमिया मुक्त राजस्थान शक्ति दिवस आंगनवाडी केंद्र अर्जियाणा में मनाया गया गया।

कार्यक्रम में किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता खीमाराम ने किशोर किशोरीयों व गर्भवती महिलाएं धात्री महिला बच्चे बुजुर्ग महिलाएं को अनीमिया मुक्त राजस्थान हो हमारा अनीमिया मुक्त हो, देश हमारा शक्ति दिवस के बारे में जानकारी दी गई। वही हीमोग्लोबिन की जांच की गई तथा उन्हें आयरन युक्त पौष्टिक भोजन लेने व व्यायाम आदि करने व उजाला क्लिनिक के बारे में व शरीर में हिमोग्लोबिन की कमी का क्या कारण है।उसके बचाव व उपयोग आयरन युक्त फल सब्जियां व पेय पदार्थ की जानकारी देकर आयरन की टेबलेट दी गई। इस अवसर आशा मंजू देवी आदि उपस्थित रहे।

## नारी अबला नहीं सबला होती है : विरद सिंह चौहान

**सांचोर,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ सांचोर की ओर से आयोजित कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विरद सिंह चौहान एवं योग शिक्षक नारायण लाल व्याख्याता रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत स्काउट प्रार्थना दया कर दान भक्ति का स्काउट प्रतिज्ञा से हुई। मुख्य अतिथि द्वारा सभी शिविरार्थियो को संबोधित करते हुए कहा की नारी अबला नहीं सबला होती है। बालिकाओं को अपने आप को किसी से कम नहीं समझना चाहिए। स्वयं की क्षमता को पहचानना होगा एवं एक लक्ष्य तय करके उसको हासिल करने में लग जाना चाहिए। कई प्रकार की चुनौतियां एवं संघर्ष आएंगे जिन से घबराना नहीं है। जीवन में वही व्यक्ति सफल होता है जो चुनौतियों का डटकर सामना करता है। बालिकाओं को जीवन में सफल बनने के साथ-साथ सामर्थ्यवान बनना जरूरी है। योग शिक्षक नारायण लाल ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि योग हमारे लिए जरूरी है योग करने से शरीर निरोगी रहता है। व्यक्ति को हमेशा योग करना चाहिए। योग को अपने प्रतिदिन की दिनचर्या में शामिल करना बहुत जरूरी है। शिविर की व्यवस्था से प्रभावित होकर सेवानिवृत्त अध्यापक एवं शिक्षक नेता विरद सिंह चौहान ने स्काउट गाइड भवन में एक छत पंखा भेंट किया। अतिथियों का स्वागत नवाचारी वेलकम क्लेप्स एवं स्काउट्स स्कार्फ पहनाकर किया गया।

इस अवसर पर एलची बिश्नोई , गाइडर रुकमणी ,सीमा राठौर स्काउटर छोटूसिंह , जयश्री, भाविका,आयसुखी, राबिया, योगिता,प्रमिला,किरण पुरोहित सहित काफी संख्या में शिविरार्थी बालिकाओं की मौजूदगी रही। शिविर संचालक लादूराम भादू ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# नियमित सुनवाई कर राजस्व प्रकरण निपटाए : निशांत जैन

**जालोर,** (कासं)। कलैक्टर निशांत जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई।

जिला कलैक्टर ने राजस्व अधिकारियों के साथ सम्पन्न बैठक में राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों की प्रगति एवं विगत पांच वर्षों में निस्तारित किये गये प्रकरणों की रिपोर्ट देखी। उन्होंने उपखण्ड स्तर पर नियमित रूप से सुनवाई करते हुए राजस्व प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिये। जिला कलैक्टर ने कहा कि धारा 251-ए के तहत रास्तों के प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए उपखण्ड स्तर पर सप्ताह में एक दिन निर्धारित कर सुनवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन की रोकथाम के लिए उपखण्ड स्तरीय विशेष जांच दलों का गठन कर प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

जिला कलैक्टर ने भूमि संपरिवर्तन पोर्टल पर लंबित प्रकरणों, विभिन्न राजकीय प्रयोजनार्थ भू-आवंटन के विचाराधीन प्रकरण, गैर खातेदारी से खातेदारी अधिकार देने सहित भूमि अवाप्ति के प्रकरणों की समीक्षा कर प्रभावी निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वीकृत नामांतकरण की तरमीम, सर्वे कर सरकारी भूमियों से अतिक्रमण हटवाने एवं सीमांकन व पत्थरगढी के प्रकरणों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने पीएलपीसी एवं लाईट्स के संबंध में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उपखण्ड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को लंबित प्रकरणों में कार्यवाही कर पालना रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये। जिला कलैक्टर ने कहा कि मूल निवास व जाति प्रमाण पत्र के आवेदनों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ नियत समय में करना सुनिश्चित करें जिससे बेवजह विद्यार्थियों व परीक्षार्थियों को परेशान न होना पड़े। कलैक्टर जैन ने उपखण्ड अधिकारियों को नियमित रूप से पंचायत, आंगनवाड़ी, सरकारी छात्रावासों, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों इत्यादि के नियमित निरीक्षण करने की बात कही। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में खुले कुंओं व बोरवेल के संबंध में सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में मांग अनुरूप टैंकर परिवहन द्वारा पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं मानसून पूर्व संभावित अतिवृष्टि व बाढ़ से बचाव के लिए प्रबंधन करने के निर्देश दिये। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके निस्तारण को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, जालोर उपखण्ड अधिकारी दिनेशचन्द धाकड, सायला एसडीएम सूरजभान विश्नोई, भीनमाल एसडीएम जवाहरराम चौधरी, रानीवाड़ा एसडीएम प्रकाशचन्द्र अग्रवाल, जसवंतपुरा एसडीएम राजेन्द्र सिंह, बागोड़ा एसडीएम विवेक व्यास सहित कई अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कर्नल मानवेन्द्र का दौरा

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त मानवेन्द्र सिंह जसोल तीन दिवसीय दौरे पर जैसलमेर जिले में गुरुवार तक रहेंगे।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी जैसलमेर कार्यालय में मानवेन्द्र सिंह का स्वागत किया जाएगा बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी जैसलमेर के अध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर करेंगे। बैठक में सभी कांठोसजन शामिल होंगे।

## बैठक आज

**जोधपुर,** (कासं)।शांति एवं अहिंसा निदेशालय जयपुर के निदेशक मनीष कुमार शर्मा बुधवार,8 जून को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रात: 11 बजे बैठक लेंगे। यह जानकारी देते हुए जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता ने गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर के संबंध में चर्चा होगी।

# कोतवाली पुलिस ने अपहृता-मुलजिम को इन्दौर से किया दस्तयाब

**बाड़मेर,** (निसं)। बाड़मेर पुलिस थाना कोतवाली के हल्का क्षेत्र से गत 27 अप्रैल को जटीया जाति की लडकी के अपहरण के प्रकरण में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अपहृत की गई युवती व मुलजिम को इंदौर से दस्तयाब किया है।

उक्त प्रकरण में आरोपियों की दस्ययाबी पर महानिरीक्षक पुलिस रेंज जोधपुर द्वारा दस हजार रूपये के ईनाम की भी घोषणा की गई थी । एसपी दीपक भार्गव ने बताया कि 27 अप्रैल को पुलिस थाना कोतवाली के हल्का से जटीया जाति की लडकी को आरोपी प्रवीणसिंह पुत्र मोटूसिंह जाति राजपुरोहित निवासी महाबार वगैरा द्वारा अपहरण कर ले जाने के सम्बन्ध में पुलिस थाना कोतवाली बाडमेर में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया । पुलिस थाना कोतवाली पर दर्ज अपहरण के प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा काफी तलाश व प्रयास करने के बावजूद भी अपहृता व मुलजिमानों का पता नही लगने एवं अपहरण की घटना से पीडति परिवार व समाज के लोगों द्वारा घटना को लेकर रोष प्रकट करते हुए मुलजिमानों की दस्तयाबी के लिए ज्ञापन दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा इस प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए भगवैया व मुलजिम की दस्तयाबी हेतु वृताधिकारी वृत बाड़मेर के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया व इनकी दस्तयाबी हेतु महानिरीक्षक पुलिस , रेंज जोधपुर द्वारा दस हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया । विशेष टीम द्वारा प्रकरण में गहनता से अनुसंधान करते हुए हेड कॉन्स्टेबल महिपालसिंह प्रभारी ,डीसीआरबी द्वारा तकनिकी सहायता से भगवैया व अपहरणकर्ता जीवन ज्योति कॉलोनी , थाना बेटमा इन्दौर , मध्यप्रदेश में छुपे होने की जानकारी प्राप्त हुई जिसपर विशेष टीम को शीघ्र इन्दौर , मध्यप्रदेश भेजा गया । विशेष टीम द्वारा पुलिस थाना बेटमा से बीट कॉन्स्टेबल प्रकाश मीणा के साथ रैकी करते हुए भगवया व मुलजिम के रहने के स्थान की जानकारी कर जीवन ज्योति कॉलोनी में किराये के कमरे रह रहे भगवेया व आरोपी प्रवीणसिंह पुत्र मोटूसिंह जाति राजपुरोहित निवासी महाबार को दस्तयाब कर सफलता हासिल की।

**धोरीमना:** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की ओर से भारत माता यात्रा जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर मंगलवार देर शाम रथयात्रा धोरीमना चौराहे पर पहुंची। उसमें नोहर हनुमानगढ भारत माता मंदिर के संस्थापक गोरख पीठाधीश्वर स्वामी राम नाथ महाराज राजस्थान संत समाज प्रदेश संयोजक तथा लवेश जी मीणा प्रदेश महामंत्री युवा परिषद नारायण राम जी चौधरी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारत में बढती जनसंख्या के लिए कभी भी खतरों का कारण हो सकती है।

# अनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत शक्ति दिवस का शुभारंभ

**जालोर,** (कासं)। खून की कमी से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक नुकसान की रोकथाम के लिए शुरू किए गए शक्ति दिवस का शुभारंभ मंगलवार को एफसीआई जालोर स्थित अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गजेन्द्र सिंह देवल ने किया। अनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत शुरू किए गए शक्ति दिवस पर आज बच्चों, किशोर-किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओ को आयरन पूरक खिलाकर इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

सीएमएचओ डॉ. जी. एस. देवल ने बताया की राज्य सरकार की निरोगी राजस्थान की मंशा के अनुरूप महिलाओ एवम् बच्चो में अनीमिया को दूर करने के लिए माह के प्रथम मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में मनाने की शुरुवात की गई है। इस दिन स्वास्थ्य केंद्रों पर अनीमिया की जाँच एवं उपचार के साथ साथ फील्ड में भी आशा सहयोगिनियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से स्कूल नहीं जाने वाले किशोर-किशोरियों, बच्चो तथा महिलाओ को आंगनवाड़ी केंद्र पर बुला अनीमिया के बारे में जानकारी भी दी जाएगी। शक्ति दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सीएमएचओ डॉ देवल ने बताया की मंगलवार से शुरू हुए इस अभियान के अंतर्गत जिले के स्वास्थ्य केंद्रों के साथ साथ विद्यालयों एवम् आगनवाड़ी केंद्रों पर भी ये दिवस मनाया जायेगा। विशेषकर बच्चो एवम् महिलाओ को लक्षित ये विशेष दिवस अनीमिया को दूर करने के लिए मिशन के रूप में शुरू किया गया है जिसका लक्ष्य केवल आयरन पूरक का वितरण ही नहीं अपितु उचित पोषण एवम् आयरन पूरक आहार के बारे में महिलाओ को जागरूक करना भी है। इस दिन आगनवाड़ी केंद्रों पर आशाओं द्वारा 6 से 59 माह तक के बच्चों को आईएफए सिरप पिलाई जायेगी। वही 5 से 9 साल के विद्यालय नही जाने बच्चों को आईएफए की गुलाबी गोली एवम् 10 से 19 साल तक के बच्चों को नीली गोली खिलाई जायेगी। ताकि उनके शरीर में खून की कमी नहीं हो।

## हर माह के प्रथम मंगलवार को शक्ति दिवस मनाएंगे

**बाड़मेर,** (निसं)। अनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत अब हर माह के प्रथम मंगलवार को 'शक्ति दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।

इस संबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के शासन सचिव व एनएचएम एमडी डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी द्वारा दिए गये दिशा निर्देशानुसार जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चोहटन में शक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रीत मोहिंदर सिंह द्वारा किया गया। डॉ. सिंह ने कहा कि शक्ति दिवस प्रत्येक आंगनबाडी केंद्रों, राजकीय स्कूलों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी, पीएचसी व राजकीय चिकित्सा संस्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों का योगदान रहेगा। इस दौरान अनीमिया की दर को कम करने के लिए बच्चों, किशोर- किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के लिए विशेष गतिविधियां की जाएंगी। जिसमें स्क्रीनिंग, हिमोग्लोबिन की जांच, उपचार तथा अनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। एडिशनल सीएम्एचओ डॉ. हरदान सारण ने बताया की प्रदेश में माह के हर प्रथम मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया जाएगा। जिले में मंगलवार को सीएचसी चोहटन में शक्ति दिवस की विधिवत शुरुआत की गई। अनीमिया चिन्हित करने के लिए स्क्रीनिंग शारीरिक लक्षणों के आधार पर की जाएगी। जिला कार्य म प्रबंधक सचिन भार्गव ने कहा की जिले में आज आंगनवाड़ी केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, पीएचसी एवं सीएचसी स्तर पर आशा एवं एएनएम द्वारा शक्ति दिवस मनाया गया । जिला आशा समन्वयक राकेश भाटी ने बताया की आशा की ओर से छह माह से 59 माह तक के बच्चों को एक एमएल आईएफए सिरप पिलाई जाएगी और पांच से नौ वर्ष के स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों का आईएफए की गुलाबी गोली खिलाई जाएगी। वहीं 10 से 19 वर्ष तक की स्कूल नहीं जाने वाली समस्त किशोरी बालिकाओं को आंगनबाडी कार्यकर्ता की ओर से आईएफए की नीली गोली खिलाई जाएगी।

कार्यक्रम की प्रभावी मोनिटरिंग के लिए जिला स्तरीय अधिकारियो को प्रत्येक खण्ड हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त कर कमान सौपी गई है। जिसमे जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रीत मोहिंदर सिंह को चोहटन, जिला ओषध भण्डार अधिकारी डॉ. संजीव मितल को बालोतरा एवं बायतु, उप मुख्य चिकित्स एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी.सी.दीपन को सिवाना, डीटीओ डॉ. अरविन्द भट्ट को बाड़मेर, एडिशनल सीएम्एचओ डॉ. हरदान सारण को धोरीमन्ना, जिला आशा समन्वयक राकेश भाटी को शिव एवं युपीएम् अरविंद सांगवा को खण्ड सिणधरी हेतु प्रभारी बनाया गये है । साथ ही खण्ड स्तर पर सभी एसडीएम, बीडीओ, बीसीएमओ, सीडीपीओ एवं सेक्टर अधिकारी अपने अधीन संस्थानों पर तैयारियों का जायजा लेंगे।